मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 69 ■ शुक्रवार, 23 मई 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# इमारतों का पुनर्विकास लटका

- उल्हासनगर में 263 इमारतें खतरनाक
- 2 इमारतें अति धोखादायक
- 51 का स्ट्रक्चरल ऑडिट भी नहीं हुआ



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा द्वारा हाल ही में घोषित खतरनाक इमारतों की सूची चौंकाने वाली सच्चाई उजागर करती है। लगभग 263 इमारतें खतरे में हैं, जिनमें से कुछ किसी भी समय गिर सकती हैं, जिससे जान जा सकती है। 51 इमारतें ऐसी हैं जिनका अभी तक स्ट्रक्चरल ऑडिट नहीं हुआ है। पुनर्विकास की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों के लिए एक और खतरनाक बरसात का मौसम आ गया है!

उल्हासनगर महानगरपालिका ने हाल ही में शहर की खतरनाक इमारतों की एक सूची प्रकाशित की है, और इसे देखते हुए, शहर में गंभीर संकट मंडराने लगा है। इस वर्ष कुल 263 इमारतों को खतरनाक घोषित किया गया है, जिनमें से 2 इमारतें अत्यंत खतरनाक हैं, 37 इमारतों को तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है और 208 इमारतों को मरम्मत योग्य माना गया है।

उल्हासनगर की अधिकांश इमारतें तीन से चार दशक पुरानी हैं और उनका निर्माण तेजी से खराब हो रहा है। मानसून के दौरान हर साल स्लैब गिरने की घटनाओं के बावजूद, पुनर्विकास के लिए ठोस योजना के अभाव में नागरिक खतरे के साये में रह रहे हैं। यह सूची इस वास्तविकता को दर्शाती है कि अनेक परिवारों की जान जाने के बावजूद इन व्यवस्थाओं के प्रति कोई जागरूकता नहीं है।

### क्या मनपा की जिम्मेदारी सूची तक ही सीमित?




सूची प्रकाशित करने का मतलब यह नहीं है कि जिम्मेदारी ख़त्म हो गयी। इन इमारतों को खाली कराने के प्रयास, वैकल्पिक व्यवस्था, पुनर्विकास रोडमैप तथा संरचनात्मक लेखापरीक्षा में तेजी लाने की आवश्यकता है। अन्यथा यह कहना असंभव है कि किस भवन के लिए यह बरसात का मौसम आखिरी होगा।

उल्हासनगर में पुरानी और खतरनाक इमारतों का मुद्दा बहुत गंभीर है और यह सुनिश्चित करने के लिए कि लोगों की जान को खतरा न हो, मनपा ने 263 खतरनाक इमारतों की सूची जारी की है और अत्यधिक खतरनाक इमारतों को खाली करने का आदेश दिया है। साथ ही, जिन भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट नहीं हुआ है, उनका ऑडिट तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों को सहयोग करना चाहिए। मनपा का लक्ष्य केवल विकल्पों को सूचीबद्ध करने के बजाय वास्तविक कार्रवाई करके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध कराना है।

**– मनीषा आव्हाले**
(आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका)

### इमारतों का वर्गीकरण

| | |
|---|---|
| **1. तुरंत खाली करने और ध्वस्त करने के निर्देश** | |
| अत्यधिक खतरनाक इमारतें | 02 |
| वार्ड 2 में | 01 |
| वार्ड 4 में | 01 |
| **2. तत्काल मरम्मत की जरूरत वाली इमारतें - 37** | |
| वार्ड 1 | 07 |
| वार्ड 2 | 13 |
| वार्ड 3 | 10 |
| वार्ड 4 | 07 |
| **3. ऐसी इमारतें जिन्हें खाली किए बिना मरम्मत की जा सकती है - 208** | |
| वार्ड 1 | 76 |
| वार्ड 2 | 54 |
| वार्ड 3 | 50 |
| वार्ड 4 | 28 |
| **4. लघु मरम्मत भवन - 16** | |
| **5. स्ट्रक्चरल आडिट की कराने वाली इमारतें 51** | |
| वार्ड 1 में | 10 |
| वार्ड 2 में | 10 |
| वार्ड 3 में | 11 |
| वार्ड 4 में सबसे ज्यादा | 20 |

मानसून के मद्देनजर उल्हासनगर मनपा आयुक्त ने दिए निर्देश

# सड़क की खुदाई तुरंत बंद करें!

### दुर्घटनाओं को रोकने व नागरिकों की सुरक्षा के चलते लिया फैसला



**उल्हासनगर.** शहर में बेमौसम बारिश के आगमन के साथ ही नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है। भूमिगत सीवर परियोजना की आड़ में लापरवाही से की गई खुदाई के कारण सड़कों की हालत खराब हो गई है और दुर्घटनाओं की बाढ़ आ गई है। इस पृष्ठभूमि में, उल्हासनगर महानगरपालिका आयुक्त मनीषा आव्हाले ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए शहर में चल रहे सड़क खुदाई के काम को तत्काल रोकने का आदेश दिया है। इसके साथ ही अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश भी दिए गए हैं कि वे काम पूरा करें और अब तक खोदी गई सड़कों की तुरंत मरम्मत करें।

उल्हासनगर शहर में ईगल कंपनी द्वारा भूमिगत सीवरेज योजना के तहत वर्तमान में कई क्षेत्रों में सड़कें खोदी गई हैं, तथा मानसून सीजन से पहले ही इन कार्यों को अधूरा छोड़ दिए जाने से नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन को खतरे में डाल दिया गया है। इस दुर्घटना-प्रवण स्थिति के खिलाफ महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और नागरिक प्रतिनिधियों ने सीधे नगर निगम प्रशासन से संपर्क किया और ठेकेदारों और सलाहकारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ठेकेदारों की लापरवाही के कारण शहर में दुर्घटनाएं हो रही हैं।

हालांकि, प्रशासन या कंपनी द्वारा कोई जिम्मेदारी नहीं ली जाती है। अब तक जो सड़कें खोदी गई हैं। उनकी मरम्मत घटिया स्तर से की गई है और काम महज दिखावा है। इसलिए इन सभी गतिविधियों की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषियों के विरुद्ध आर्थिक दंड सहित कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा नियुक्त सलाहकार लाखों रुपए फीस वसूल रहे हैं और वास्तविक कार्य ठेकेदार की सलाह पर किया जा रहा है। यह एक गंभीर मामला है और ऐसे सलाहकारों की जिम्मेदारी निर्धारित करने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग की गई। इस बीच मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले ने नागरिकों की भावनाओं को समझते हुए तत्काल बैठक कर अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए। इस समय शहर में कोई नई सड़क नहीं खोदी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो सड़कें पहले ही खोदी जा चुकी हैं, उनका काम तेजी से पूरा किया जाएगा तथा उनकी गुणवत्तापूर्ण मरम्मत की जाएगी।

### नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता



मानसून के मौसम में नागरिकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए शहर में सभी खुदाई कार्य, जिनमें खोदी गई सड़कें भी शामिल हैं, को तत्काल रोकने के आदेश दिए गए हैं। संबंधित अधिकारियों व ठेकेदारों को तत्काल व गुणवत्तापूर्ण मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं।

**–मनीषा आव्हाले,** आयुक्त, उल्हासनगर महानगरपालिका

### फिर चिंता बढ़ाने लगा कोरोना

**मुंबई.** कोरोना फिर वापसी करता हुआ नजर आ रहा है। राज्मेंय जनवरी से अब तक 2 मौतें हो चुकी हैं और केरल में मई में 182 नए मामले किए गए हैं। दोनो राज्यों में हल्के लक्षण वाले मरीजों का इलाज जारी है. विभाग की एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि दोनों मौतें मुंबई से हुई हैं और दोनों मरीजों को पहले से ही अन्य बीमारियां थीं। जब किसी व्यक्ति को एक साथ दो या उससे ज्यादा बीमारियां होती हैं तो उसे सह-रुग्णता कहा जाता है।

# ऑन ड्यूटी IPL मैच देखने गए 3 पुलिसकर्मी



- आरोप - जुआ चलाने वाले ने दिया टिकट
- पुलिस आयुक्त से की गई शिकायत

अंबरनाथ. अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के 3 पुलिसकर्मी ऑनड्यूटी बुधवार को आईपीएल का मैच देखने के लिए मुंबई गए. उन्हें शहर में जुआ चलाने वाले रम्मो शेख ने वीआईपी टिकट निकालकर दिया था. इन तीनों पुलिसकर्मियों की जांच करने के लिए लिखित शिकायत अंबरनाथ मराठी अखबार के संपादक प्रफुल्ल थोरात ने मुख्यमंत्री, पुलिस आयुक्त ठाणे से की है.

इन तीनों पुलिसकर्मियों के नाम पी. सी. सागर मुढे, पी.सी. अनिल ठोंबरे, हवलदार दत्तात्रय विशे हैं. ये तीन कर्मचारी दोपहर 3 बजे ऑन ड्यूटी होते हुए भी मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस-दिल्ली कैपिटल का आईपीएल मैच देखने पहुंचे. मैच का आनंद लेते हुए का फोटो भी वायलर हुआ है. इन तीनों ने डीसीपी, एसीपी, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक की अनुमति लिए बिना एवं आधी छुट्टी की अर्जी भी मंजूर नहीं करके लिया है.

ऐसा आरोप प्रफुल्ल थोरात ने लगाया है. उनका कहना है कि ये तीनों पुलिस थाने के कलेक्टर हैं. इन तीनों का शहर में मटका जुगार चलाने वाले शेख ने टिकट उपलब्ध कराकर दिया है. इन सभी के मोबाइल सीडीआर भी निकाले गए तो मालूम पड़ेगी कि वह वानखेड़े स्टेडियम में ही थे. उन पर ये भी आरोप लगाया गया है कि उनके पास आय से ज्यादा माल जमा किया है. इन सबकी जांच करके सख्त कार्रवाई करने की मांग थोरात ने की है. एसीपी अंबरनाथ इस मामले की जांच कर रहे हैं.

# उल्हासनगर के 11 लोग डकैती और मकोका के आरोपों से बरी



**कल्याण.** पुलिस जांच में अनेक त्रुटियों, ठोस सबूतों के अभाव और गवाहों के बयानों में असंगति के आधार पर ठाणे स्थित विशेष मकोका न्यायालय के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए. एन. शिरसीकर ने डकैती और मकोका के आरोपों से उल्हासनगर के 11 लोगों को बरी कर दिया।

उल्हासनगर शहर में दस साल पहले हुई एक डकैती का मामला विशेष मकोका अदालत में लंबित था। बरी किए गए आरोपियों में निखिल कडलग (29), करण दलवी (35), करण जलपर (35), मेहुल वसीटा (37), धनंजय जाधव (37), नारायण दत्ता (62), विशाल जाधव (39), सिद्धेश लब्धे (29), आतिश माने (28), नीलेश यादव (32), मंगलेश यादव (31) शामिल हैं।

आरोपियों पर उल्हासनगर शहर में राइटर सेफगार्ड वित्तीय संस्था को पैसे की आपूर्ति करने वाले वाहन से 21 लाख रुपये लूटने का आरोप है। इस संबंध में उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। आरोपियों पर डकैती, अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाने और षडयंत्र के कई आरोप लगाए गए। इस मामले में विशेष सरकारी वकील आर. जी. क्षीरसागर ने पैरवी की। आरोपी पक्ष के लिए एड. हेमलता देशमुख, एड. पुनीत माहिमकर, एड. नितिन शेजपाल, एड. अस्मिता माली, एड. नितेश वाघ और एड. सागर कोल्हे ने मामले की पैरवी की।

### अदालत ने पुलिस जांच पर नाराजगी व्यक्त की

अदालत ने इस अपराध की जांच में कई त्रुटियों की ओर इशारा किया। सरकार ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ आरोप साबित करने का प्रयास किया। बचाव पक्ष के वकीलों ने इसका कड़ा विरोध किया। तथा बचाव पक्ष के वकीलों ने अदालत के समक्ष मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनसे पता चला कि किस प्रकार ठोस साक्ष्य के अभाव में एक नाटक रचकर आरोपियों को इस मामले में फंसाया गया। इस मुद्दे को ध्यान में रखते हुए और सरकारी पक्ष की जांच में खामियों की ओर इशारा करते हुए, अदालत ने डकैती के मामले में ग्यारह आरोपियों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत आरोपों से बरी कर दिया। अदालत ने पुलिस जांच पर नाराजगी व्यक्त की। स्वीकारोक्ति लेते समय उचित सावधानी नहीं बरती गई। अदालत ने कहा कि तीन साल बाद दिए गए इकबालिया बयान के साक्ष्य पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

# प्रभावित लोगों ने मनपा से की पुनर्वास की मांग

**श्री सप्तश्रृंगी इमारत हादसा**




**कल्याण.** कल्याण पूर्व के चिकनी पाड़ा स्थित श्री सप्तश्रृंगी बिल्डिंग के निवासी गुरुवार को कल्याण डोंबिवली मनपा मुख्यालय आए और अधिकारियों से उन्हें उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। हम अपने परिवार को घर पर छोड़कर स्कूल में रह रहे हैं। जब स्कूल शुरू होगा, तब हम क्या करेंगे? ऐसा सवाल शोकाकुल निवासियों ने पूछा है.

श्री सप्तश्रृंगी भवन में स्लैब गिरने के बाद, आपातकालीन विभाग ने हमें केवल आवश्यक महत्वपूर्ण दस्तावेजों और मूल्यवान आभूषणों के साथ घर छोड़ने के लिए पांच मिनट का समय दिया था। हम बीस वर्षों से एक ही स्थान पर रह रहे हैं और वहीं अपना जीवन बसा रहे हैं। हम पाँच मिनट में इस दुनिया को छोड़कर घर से निकल गये। ऐसी स्थिति में निवासियों ने मांग की कि मनपा अधिकारी हमारी स्थिति पर विचार करें और हमें उपयुक्त स्थान पर बसाएं। हम कल्याण पूर्व में नए विद्यामंदिर स्कूल में रहते हैं। संभावना है कि स्कूल शुरू होने से पहले रखरखाव और रंगाई-पुताई का काम किया जाएगा। फिर स्कूल और बारिश शुरू हो जाएगी। तो फिर हम कहां जाएंगे? कोई भी ऐसी स्थिति में नहीं है कि वह तुरंत घर खरीद सके। इसलिए, निवासियों की ओर से रेखा पठारे नामक महिला ने मांग की कि सरकार हमारी चिंताओं को सुने और हमें न्याय प्रदान करे।

सरकार ने श्री सप्तश्रृंगी भवन में मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। यह राशि उन्हें यथाशीघ्र दी जानी चाहिए। कुछ घायल निवासियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्हें उचित उपचार दिया जाना चाहिए। सरकार को हमारी मांगों पर प्राथमिकता से विचार करना चाहिए। हम अपनी मांगों को बहुत ही औपचारिक तरीके से प्रशासन के सामने रखने आए हैं। निवासियों ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा।

गुरुवार को इमारत ढहने के तीन दिन पूरे हो गए। इस इमारत में छह परिवारों के घरों में अंतिम संस्कार हो रहे हैं। फिर भी ये निवासी दुःखी हालत में महानगरपालिका में आये हैं। निवासियों ने मांग की कि महानगरपालिका और सरकार इस स्थिति पर विचार करें। मनपा आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त के उपस्थित न होने के कारण इन निवासियों को शुक्रवार को मिलने का समय दिया गया है।

### शाहपुर में 20 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित

**शाहपुर.** शाहपुर के गोपालनगर क्षेत्र में बिजली के खंभे पर पेड़ गिर जाने से मंगलवार रात करीब 20 घंटे तक शाहपुर के अधिकांश हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। दिनभर चिलचिलाती धूप और रात में बिजली गुल होने से नागरिक भीषण गर्मी से त्रस्त हो गए। नागरिकों को रात भर बिजली न होने और मच्छरों से परेशान होकर जागकर गुजारनी पड़ी। बार-बार बिजली गुल होने से बैंक परिचालन, सरकारी कार्यालय और व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हुआ। छोटे उद्यमियों और व्यापारिक समुदाय ने महावितरण के कुप्रबंधन पर गहरा रोष व्यक्त किया।

पिछले कुछ दिनों से तालुका के ग्रामीण इलाकों में बारिश हो रही है। मंगलवार रात को गरज और चमक के साथ बारिश हुई। परिणामस्वरूप गोपालनगर में एक पेड़ बिजली के खंभे पर गिर गया। इसके परिणामस्वरूप शाहपुर के कई इलाकों में 20 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

बिजली कटौती के कारण नागरिकों को पूरी रात जागना पड़ा। इसके अलावा छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को मच्छरों के कारण परेशानी उठानी पड़ी।

# अंबरनाथ महावितरण पर अपराध दर्ज

- युवक की करंट लगने से हुई थी मौत
- अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के नया भेंडीपाड़ा में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी. पेशाब करने गए एक 16 वर्षीय युवक विग्नेश कचरे की करंट लगने से मौत हो गई थी. अंबरनाथ पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महावितरण के कर्मचारी एवं संबंधित जगह के मालिक पर अपराध दर्ज कर लिया है. शहर में इस बात की चर्चा थी कि शहर में महावितरण की लापरवाही से अब तक दो की मौत हो गई है और पुलिस अपराध दाखिल नहीं कर रही है. आखिर विग्नेश के परिवार को न्याय मिला है. अगर पुलिस का महावितरण पर इसी तरह कानूनी शिकंजा जारी रहा तो शहर में महावितरण के कर्मचारी ठीक ढंग से काम करेंगे. लापरवाही नहीं होगी और ना किसी बेकसूर की मौत होगी. कुछ दिनों पूर्व बुवापाड़ा में एक 9 वर्षीय लड़के अंश तिवारी की भी करंट लगने से मौत हो गई थी. निवासियों ने महावितरण पर आरोप लगाया था कि महावितरण को बार-बार शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिए जाने पर महावितरण की लापरवाही से उस बच्चे की मौत हो गई थी. पुलिस ने अपराध दाखिल नहीं किया था. उसके कुछ दिनों बाद वाधवा काम्प्लेक्स के पास एक गाभन भैंस की करंट लगने से मौत हो गई थी. विग्नेश मौत मामले में पुलिस ने अपराध तो दाखिल कर लिया है. महावितरण के अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग शहरवासी कर रहे हैं.

# मालशेज घाट में चट्टान गिरी



**कल्याण.** कल्याण-अहिल्यानगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मालशेज घाट में बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है। इससे यातायात कुछ हद तक प्रभावित हुआ है। अब घाट से होकर जाने का एक रास्ता खुला है। तहसीलदार कार्यालय ने बताया है कि चट्टान हटाने का काम चल रहा है और जल्द ही सभी सड़कें खोल दी जाएंगी। यह भी बताया गया है कि भूस्खलन की घटना में अब तक कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है।

मालशेज़ घाट कल्याण-अहिल्यानगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, जो पुणे, अहिल्यानगर के साथ-साथ मुंबई, ठाणे और नासिक जिलों के लिए भी महत्वपूर्ण है। दूध, कृषि उत्पाद और अन्य सामान मालशेज़ घाट मार्ग से ले जाया जाता है। यह राजमार्ग यात्री यातायात के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह मार्ग ठाणे, अहिल्यानगर और दोनों जिलों के बाजारों को जोड़ता है।

बरसात के मौसम में यह सड़क खतरनाक हो जाती है। बारिश के कारण इस मालशेज घाट में अक्सर भूस्खलन होता रहता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण लगातार इसका क्रियान्वयन कर रहा है। इसलिए पिछले कुछ वर्षों में इन घटनाओं में कमी आई है। हालाँकि, यहाँ अभी भी समय-समय पर भूस्खलन होता रहता है। गुरुवार सुबह मालशेज घाट में भूस्खलन की घटना घटी। यद्यपि भूस्खलन का सटीक समय अज्ञात है, लेकिन बड़ी चट्टानें सीधे सड़क पर गिरीं। परिणामस्वरूप, सड़क का एक बड़ा हिस्सा घेरे में आ गया। इसकी सूचना मिलने पर राजमार्ग प्राधिकरण और आपदा प्रबंधन ने यहां भूस्खलन को साफ करना शुरू कर दिया। दोपहर एक बजे तक इस घाट में अहिल्यानगर जाने वाला मार्ग खोल दिया गया था।

मुरबाड तहसीलदार अभिजीत देशमुख ने बताया कि अन्य सड़कों पर भी दरारें हटाई जा रही हैं। यहां फिलहाल बारिश रुक गई है और भूस्खलन को साफ करने का काम तेजी से चल रहा है।

# बुवापाड़ा में फारेस्ट भूमि पर दो कंक्रीट सड़कों का निर्माण

- संबंधितों पर अपराध दर्ज करके कार्रवाई करने की मांग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के बुवापाड़ा में फारेस्ट विभाग की भूमि पर दो परिसर में बेकायदा तौर पर कंक्रीट के रास्ते बनाए गए हैं. वार्ड क्र. 8 में शारदा चौक और वार्ड क्र. 8 में ही ईंट भट्ठी रोड से संगठन चौक तक लाखों रुपए खर्च करके फारेस्ट विभाग की बिना अनुमति लिए बनाए गए हैं. ऐसी लिखित शिकायत राकांपा (अप) के युवक शहराध्यक्ष रमेश बाजरी ने मुख्याधिकारी को देकर संबंधितों पर कार्रवाई करने की मांग की है. पत्र में उन्होंने निशानदेही की है कि कुछ दिनों पूर्व जावसाई ठाकुरपाड़ा में भी फारेस्ट की भूमित पर नपा के ठेकेदार ने रास्ते का काम शुरू किया था. वन विभाग ने संबंधितों पर महाराष्ट्र वन अधिनियम 1927 और वन संवर्धन अधिनियम 1980 के अनुसार अपराध दर्ज कराया है. बाजरी ने मुख्याधिकारी से कहा है कि गट क्र. 63 में संबंधित किसी भी प्रकार का नया टेंडर निकाला गया है अथवा मंजूर किया गया है तो उसको तत्काल रद्द किया जाए और वन विभाग की जगह पर किसी भी प्रकार के कार्य की अनुमति ना दि जाए. ये जो दो सड़कों का निर्माण कार्य की पूरी तरह जांच नहीं हो जाती, तब तक ठेकेदार को किसी भी प्रकार की रकम अदा नहीं की जाए. जांच करके दोषियों पर अपराध दर्ज करने की मांग की गई है. उपरोक्त दोनों जगहों के रास्ते का काम पूरा कर लिया गया है. ये दोनों परिसर वन विभाग के अख्तियार में हैं. ऐसा बाजरी ने मुख्याधिकारी से कहा है.

# दर्गा पर ठंडे प्याऊ का उद्घाटन

- भैरव ज्वेलर्स द्वारा बनाया गया प्याऊ

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ गैबनशाह वली दर्गा के द्वार पर भैरव ज्वेलर्स द्वारा एक ठंडे पानी का प्याऊ का प्रबंध किया गया है. भैरव ज्वेलर्स के मालिक भरत जैन द्वारा शानदार तरीके से प्याऊ का निर्माण किया गया है. मुस्लिम जमात अंबरनाथ के अध्यक्ष हाजी सलीम चौधरी एवं ट्रस्टियों ने भरत जैन का आभार व्यक्त् किया है. बुधवार की शाम में प्याऊ का उद्घाटन हुआ. उस समय मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित ते. भरत जैन, किशोर जैन के साथ रूपसिंग धल, पूर्व नगरसेवक उमेश पाटिल, ज्ञानधर मिश्रा, एड. नजीर शेख, कमर काजी, अध्यक्ष सलीम चौधरी, आरिफ काजी, बिस्मिल्ला शेख, जलाल शेख, जमात के ट्रस्टी उपस्थित थे.

इस अवसर पर उमेश पाटिल, सलीम चौधरी आदि ने भरत जैन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अंबरनाथ में प्याऊ बनाकर प्यासों को ठंडा पानी पिलाकर पुण्य का काम कर रहे हैं. भरत जैन ने अब तक शहर में अंबरनाथ स्टेशन, श्मशान भूमि व अन्य तीन ठिकानों पर अपने खर्च से प्याऊ बनाए हैं. उन्होंने कहा है कि शहर में जहां भी ठंडे पानी के प्याऊ की जरूरत होगी, वह उसे पूरा करेंगे.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

## शांति की राह पर रूस-यूक्रेन युद्ध!

दुनिया भर में बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। जलवायु विशेषज्ञों की राय है कि वैश्विक तापमान को अगर हम स्थिर नहीं रख पाए, तो डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की सीमा को पार कर जाएंगे। हकीकत यही है कि जलवायु संकट हमारी देहरी तक आ पहुंचा है। इससे निपटने के लिए कहीं कोई संजीदगी नहीं दिखाई देती। नतीजा यह कि इसका प्रतिकूल असर अब भारत सहित दुनिया भर में दिखाई देने लगा है। कोई कारगर रणनीति नहीं बनी, तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे जनहानि और स्वास्थ्य का जोखिम बढ़ गया है।

फिलहाल मौसम की बदली तस्वीरें डराने लगी हैं। इसी हफ्ते जहां राजस्थान में भीषण लू से लोगों को सजग किया गया, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में बारिश की चेतावनी जारी की गई। लगातार बारिश से इस समय बंगलुरु बेहाल है। वहां जन-जीवन ठहर सा गया है। ऐसे में 'काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' की रपट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक देश में गर्म दिनों की तुलना में गर्म रातों की संख्या बढ़ रही है।

मुंबई, दिल्ली, भोपाल, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे घने शहरी इलाकों में गर्मी का जोखिम बढ़ना खतरे की घंटी है। इस समय देश के सत्तावन फीसद जिले जोखिम में बताए जा रहे हैं। इन जिलों में छिहत्तर फीसद आबादी रहती है। गर्म रातों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों की सेहत पर असर पड़ेगा। क्योंकि रात में तापमान अधिक रहने से शरीर को आराम नहीं मिलता।

दरअसल, उन्हीं इलाकों में गर्म रातों की संख्या बढ़ी है, जहां आबादी सघन है। इससे वस्तुस्थिति को समझा जा सकता है। दरअसल, न तो हमें प्रकृति की चिंता है और न ही कार्बन उत्सर्जन रोकने की फिक्र। आधुनिक जीवन शैली ने भी समस्या बढ़ाई है। यह स्थिति अकेले भारत ही नहीं, अन्य देशों में भी है। भारत सहित पूरे विश्व ने 2024 में सबसे गर्म वर्ष का सामना किया। मौसम के बदल रहे मिजाज को भांपते हुए हम जलवायु संकट के प्रति कब सजग होंगे?

# भारत की चिंता बढ़ाता बांग्लादेश, अवामी लीग पर प्रतिबंध घातक

मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की अगुआई वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की सबसे बड़ी और पुरानी राजनीतिक पार्टी अवामी लीग पर आतंकवाद-रोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई का नेतृत्व बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान ने किया था। उन्होंने भारत के सहयोग से बांग्लादेश को पाकिस्तान से स्वतंत्रता दिलाई और अवामी लीग को एक मजबूत राजनीतिक दल के रूप में स्थापित किया।

वर्तमान में अवामी लीग की नेता और बांग्लादेश से निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना इन दिनों भारत में रह रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उनके खिलाफ आतंकवाद-रोधी कानून के तहत सैकड़ों मामले दर्ज किए हैं, जिनमें हत्या, आगजनी और हिंसा जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। यदि अवामी लीग आगामी चुनावों में भाग नहीं ले पाती तो यह बांग्लादेश के लोकतांत्रिक ढांचे और भारत के लिए चिंता की बात होगी।

अवामी लीग पर लगे प्रतिबंध को मौजूदा सरकार और छात्र संगठन एक अच्छा कदम मानते हैं। वे अवामी लीग पर प्रतिबंध को न्याय की जीत कह रहे हैं। कुछ लोग इस कदम को एक दुष्चक्र की तरह देख रहे हैं, क्योंकि अंतरिम सरकार ने अवामी लीग को प्रतिबंधित करके वही काम किया, जो अवामी लीग ने सत्ता में रहते हुए बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठनों के साथ किया था।

बांग्लादेश में जिस कथित 'द्वितीय गणतंत्र' की स्थापना शेख



हसीना को बेदखल करने के बाद हुई थी, उसी ने देश के सबसे बड़े दल के लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए। यह घटनाक्रम बांग्लादेश में लोकतंत्र को कमजोर करेगा। इतना ही नहीं, यह उस कट्टर इस्लामिक विचारधारा को मजबूत करेगा, जिसके खिलाफ अवामी लीग आवाज उठाती रही है।

पड़ोस में कट्टर इस्लामी ताकतों का उभार भारत के हित में भी नहीं। बांग्लादेश में 'सुधारवाद' की भी बात हो रही है, जिसका प्रतिनिधित्व मोहम्मद यूनुस सरकार चलाते हुए कर रहे हैं। यूनुस सरकार विधायी, सिविल और बैंकिंग सेवाओं में सुधार लाने का प्रयास कर रही है, लेकिन इस काम में उनके समक्ष एक बाधा समय की कमी है। इसी का हवाला देकर यूनुस कई बार यह कह चुके हैं कि बांग्लादेश में चुनाव तब तक नहीं हो सकते, जब तक देश में सुधार पूरी तरह से न हो जाएं।

हालांकि तमाम पार्टियां शीघ्र चुनाव की बात कर रही हैं, लेकिन मौजूदा राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए वहां शीघ्र चुनाव होना मुश्किल लग रहा है। यूनुस भी जल्द चुनाव के लिए तैयार नहीं दिखते। अगर चुनाव हुए तो यूनुस का जाना तय है, क्योंकि वह किसी भी दल से नहीं आते। जिन छात्रों ने उन्हें अंतरिम सलाहकार बनाने में योगदान दिया, उन्होंने अब जातीयो नागरिक पार्टी की स्थापना कर ली है। संभव है वे चुनाव में नए चेहरे को लाएं। इस सबके बीच एक और किरदार है, जिसने सामने आए बिना खुद को मजबूत बनाया है और वह हैं बांग्लादेश सेना के प्रमुख। उन्होंने शेख हसीना के देश से बाहर जाने के बाद कुछ समय के लिए देश की बागडोर भी संभाली थी, लेकिन अब वह पर्दे के पीछे हैं।

यह देखना दिलचस्प होगा कि बांग्लादेश की सेना का शीर्ष नेतृत्व अपने किरदार को नए राजनीतिक ढांचे में किस तरह से देखता है और क्या वह लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए स्वयं को राजनीति से अलग रखेगा? अवामी लीग पर प्रतिबंध कुछ पुरानी घटनाओं की याद दिलाता है। 1971 के मुक्ति संग्राम में पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए अवामी लीग द्वारा जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध लगाया गया था। अभी पिछले साल तक जमात के शीर्ष नेतृत्व को आजीवन कारावास और मृत्युदंड जैसी कड़ी सजाएं मिलती रहीं, फिर भी वह भिन्न-भिन्न तरीकों से राजनीति में उग्र तरीकों से सक्रिय रहने का प्रयास करती रही।

ऐसा ही कुछ प्रयास प्रतिबंध लगने के बावजूद अवामी लीग भी कर सकती है। अवामी लीग की विचारधारा और कार्यकर्ता अभी भी सक्रिय हैं। आने वाले समय में उनकी दबी आवाज एक उग्र रूप ले सकती है। अवामी लीग पर प्रतिबंध लगना न केवल बांग्लादेश के सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाएगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा कर सकता है। यह





आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# नौसेना : सर्वोच्च न्यायालय ने जताई नाराजगी

सरकार का जोर सेना को युवा और ऊर्जावान बनाने पर है। साथ ही, सेना में महिलाओं की भूमिका भी बढ़ाई जा रही है। महिलाएं अब रफाल विमान तक उड़ा रही हैं। लेकिन अल्पकालिक सेवा कमीशन के तहत भर्ती हुई महिला अधिकारियों को बार-बार सुप्रीम कोर्ट तक दौड़ लगानी पड़ती है। यह बात गले नहीं उतरती कि जब कोई सैन्यकर्मी, चाहे वह महिला हो पुरुष- शारीरिक-मानसिक रूप से पूरी तरह सेवाएं देने के योग्य है और सेवा के दौरान उसके कामकाज और आचरण में किसी तरह की कमी नहीं पाई गई, तो उसे लंबी अवधि का सेवा विस्तार देने से क्यों परहेज किया जाना चाहिए।

अल्पकालिक सेवा कमीशन के तहत भर्ती हुई एक महिला नौसेना अधिकारी को स्थायी कमीशन न दिए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीर नाराजगी जाहिर की है। उस अधिकारी को स्थायी कमीशन देने का आदेश अदालत ने पहले ही दिया था, मगर उसका पालन नहीं किया गया। इसलिए भी अदालत की तल्खी बढ़ गई। महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन न दिए जाने पर लंबे समय से असंतोष है। शीर्ष अदालत ने 2020 में कहा था कि इस तरह महिला अधिकारियों को सेवा से वंचित करने से सेना का मनोबल गिरेगा। तब से नौसेना, वायुसेना और थलसेना



को कई मामलों में स्थायी कमीशन देने के आदेश दिए जा चुके हैं।

सेना नियमों के मुताबिक, अल्पकालिक कमीशन में चयनित अधिकारियों को उनके कामकाज के प्रदर्शन के आधार पर पदोन्नति और स्थायी कमीशन देने का निर्णय किया जाता है। मगर महिला अधिकारियों के मामले में इस पर अक्सर संकुचित दृष्टिकोण ही देखा जाता है। अभी सर्वोच्च न्यायालय में उनहत्तर ऐसे ही अधिकारियों का मामला लंबित है, जिस पर अगस्त में सुनवाई होनी है। अदालत ने कहा है कि अंतिम फैसला आने तक इन अधिकारियों को सेवामुक्त न किया जाए।

इस तरह स्थायी कमीशन न मिल पाने के कारण महिला अधिकारियों की तरफ से लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर ही नौसेना अधिकारी के मामले पर फैसला देते समय सर्वोच्च न्यायालय ने फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि अब बहुत हो गया, सेना के अधिकारी अपना संकुचित नजरिया त्यागें और उदारता का परिचय दें। इस फटकार और नसीहत को सेना और सरकार कितनी गंभीरता से लेते हैं, देखने की बात है।

यह पहला मौका नहीं है, जब महिला सेनाधिकारियों को अदालत की मार्फत अपना हक हासिल करना पड़ा है। इसके पहले लड़ाकू विमान उड़ाने से महिलाओं को वंचित रखने के नियम को भी अदालत के आदेश पर ही बदला गया था। यह थोड़ी असहज करने वाली स्थिति है कि अनुशासित और मर्यादित मानी जानी वाली भारतीय सेना में महिलाओं की क्षमताओं और योग्यता को कम करके आंका जाता है। सेना में अनेक ऐसे काम हैं, जिनमें महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है।

जिस महिला नौसेना अधिकारी को स्थायी कमीशन देने से रोका गया, वह तो न्यायिक सेवा में है। चिकित्सा, कंप्यूट-रीकृत सैन्य प्रणाली आदि में महिला अधिकारियों की कुशलता पर शक नहीं किया जा सकता। फिर, अनुभव बड़ी चीज होती है। जिस अधिकारी ने छह-आठ वर्षों तक सेना में काम किया है, निस्संदेह उसकी क्षमता नए भर्ती अधिकारियों की तुलना में बेहतर हो सकती है। इसलिए अगर कोई महिला अधिकारी सारे मानकों पर सेवा योग्य है, तो उसे स्थायी कमीशन देने में क्यों गुरेज होना चाहिए।

# अंतरिक्ष में मिला 'रहस्यमय' बैक्टीरिया, चिंता में वैज्ञानिक

हमारी आसपास तमाम तरह के बैक्टीरिया होते हैं. इनमें से कुछ हमारे लिए अच्छे तो कुछ खराब भी होते हैं.

**जरा हट के**

चीन के टियांगोंग स्पेस स्टेशन पर वैज्ञानिकों को एक ऐसा बैक्टीरिया मिला है, जो बहुत ही रहस्यमय है. ये खोज अंतरिक्ष यात्रियों की सेहत के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा कर रही है. आखिर यह बैक्टीरिया आया कहां से और क्या यह अंतरिक्ष में रहने वालों के लिए खतरा बन सकता है?

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक चीन के टियांगोंग स्पेस स्टेशन पर मिले इस बैक्टीरिया की खासियत ये है कि इसे जिंदा रहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं चाहिए और ये विपरीत परिस्थितियों में भी सर्वाइव कर लेता है. इस बैक्टीरिया का नाम नोवोहर्बासिलम टियांगोंगेंसिस बताया गया है. शेनझोउ स्पेस बायोटेक्नोलॉजी ग्रुप और बीजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेसक्राफ्ट सिस्टम इंजीनियरिंग



के वैज्ञानिकों के मुताबिक यह बैक्टीरिया टियांगोंग पर कैसे पहुंचा, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है.

ये अपने आपमें सवाल है कि बैक्टीरिया अंतरिक्ष में कैसे पनपा? क्या यह पृथ्वी से किसी बीजाणु (स्पोर) के रूप में वहां चला गया या फिर अंतरिक्ष स्टेशन के खास माहौल में ही इसका जन्म हुआ? वैज्ञानिकों के पास अभी इसका जवाब नहीं है. हाल ही में एक माइक्रोबायोलॉजी जर्नल में छपे शोध के अनुसार, ये नया बैक्टीरिया जेलाटिन को तोड़कर उससे नाइट्रोजन और कार्बन ले सकता है. यही खासियत इसे अनोखा बनाती है. इसकी वजह से ये बैक्टीरिया मुश्किल हालात में भी अपने ऊपर एक मजबूत सुरक्षा कवच बना लेता है.

हैरानी की बात यह है कि इस बैक्टीरिया की एक प्रजाति पृथ्वी पर भी मौजूद है, जो कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों में सेप्सिस जैसी खतरनाक बीमारी फैला सकता है. पृथ्वी पर मौजूद इसकी प्रजाति वाला बैक्टीरिया दूसरी चीजों को खाकर जिंदा रहता है, लेकिन यह अंतरिक्ष वाला बैक्टीरिया सिर्फ जेलाटिन पर निर्भर है. इस नई ताकत और इसके रिश्तेदार की खतरनाक प्रकृति को देखकर वैज्ञानिक चिंता में हैं कि कहीं यह अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मुसीबत न खड़ी कर दे.




# झटपट बनाएं दही पोहा

**दिन की हेल्दी और गिल्ट-फ्री शुरुआत करने के लिए पोहा सबसे बेस्ट होता है। इसे बनाने के लिए न तो लंबी-चौड़ी सामग्री की जरूरत होती है और न ही शरीर को इसे पचाने में ज्यादा तकलीफ होती है। गर्मियों के इस मौसम में यह एक बेहतरीन नाश्ता है, जिसे आपको भी जरूर खाना चाहिए। ऐसे में, आइए आज आपको बताते हैं कि नाश्ते या शाम की हल्की-फुल्की भूख में बनाकर खाए जाने वाले दही पोहा की आसान रेसिपी।**

**सामग्री :**

- पोहा- 50 ग्राम
- दही- 100 ग्राम
- गुड़- 20 ग्राम
- दूध- 2 बड़े चम्मच
- इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- अनार- 1/2 कप

**विधि :**

दही पोहा बनाने के लिए सबसे पहले पोहे को पानी में अच्छी तरह से धोकर अलग रख दें।

फिर गुड़ को लेकर अच्छी तरह से क्रश कर लें।

इसके बाद एक बाउल में दही और गुड़ डालकर अच्छी तरह से घुलने तक मिला लें।

अब इसमें इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें भीगा हुआ पोहा डालें और अच्छे से मिला लें।

अब इस तैयार मिश्रण को थोड़े समय के लिए फ्रिज में रखकर ठंडा कर लें। बस तैयार है आपका मीठा दही पोहा। अनार के दानों से गार्निश करके ठंडा-ठंडा परोसें।



# ब्लैकहेड्स हटाने के लिए इस्तेमाल करें ये तीन चीजें

**गर्मी के मौसम में त्वचा संबंधी कई परेशानियां सामने आने लगती हैं, जिससे छुटकारा पाने के लिए लोग हजारों-हजारों रुपये खर्च करके स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग मुहांसों और ब्लैकहेड्स से परेशान रहते हैं। मुहांसों से छुटकारा पाना तो फिर भी आसान है, लेकिन अगर चेहरे पर ब्लैकहेड्स होने लगें तो ये खूबसूरती पर दाग लगा देते हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए भी आप चाहें तो पार्लर भी जा सकते हैं, पर बहुत से लोगों के पास पार्लर जाने का वक्त नहीं होता। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपनाकर भी इस परेशानी से राहत पा सकते हैं। अगर आपकी खूबसूरती में भी ब्लैकहेड्स दाग लगा रहे हैं तो आप घर पर ही कुछ चीजों के इस्तेमाल से इससे छुटकारा पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको ब्लैकहेड्स हटाने वाली तीन चीजों के बारे में बताएंगे, ताकि आपका चेहरा भी बिना ज्यादा पैसे खर्च किए भी दमक सके।**

### अंडा

बहुत से लोग ऐसे होते हैं जो अंडे का सेवन नहीं करते, लेकिन आप चाहें तो अंडे का इस्तेमाल स्किन केयर में कर सकते हैं। अंडे के सफेद हिस्से में पाए जाने वाले तत्व चेहरे के ब्लैकहेड को हटाने में मदद करेंगे। ये आपकी त्वचा को चमकदार भी बनाएगा।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इस मास्क को बनाने के लिए आपको सिर्फ अंडे के सफेद भाग और एक चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इन दोनों चीजों को सही से मिलाकर अपने चेहरे पर थोड़ी देर के लिए लगाएं। कुछ देर बाद चेहरा धो लें। इससे ब्लैकहेड्स गायब हो जाएंगे। इस पैक का इस्तेमाल आप हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।



### एलोवेरा

हर घर में आपको एलोवेरा आसानी से मिल जाएगा। ये त्वचा के पोर्स को अच्छी तरह से साफ करता है। इसका मास्क बनाकर आप मुहांसों और ब्लैकहेड्स समेत कई परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

एलोवेरा से फेस मास्क बनाने के लिए सबसे पहले फ्रेश एलोवेरा का जेल निकाल लें। जेल निकालने के बाद इसे 10 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो लें। हर दिन इसका इस्तेमाल करके आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं।

### ग्रीन टी

सेहत के लिए फायदेमंद रहने वाली ग्रीन टी त्वचा के लिए भी काफी लाभदायक रहती है। ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है, जो ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए भी मददगार रहती है।

**ऐसे करें इस्तेमाल**

इसका पैक बनाने के लिए सबसे पहले ग्रीन टी की सूखी पत्तियां लें। अब इसको पीस कर इसमें थोड़ा सा पानी डालें और पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को आप 15-20 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। समय के बाद चेहरा धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक का इस्तेमाल करने से आपको इसका असर दिखने लगेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी।

**मिथुन :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क :** नौकरी और व्यापार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी।

**मीन :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# कैसे करें पर्यावरण संरक्षण



### बच्चों को आसान तरीके से सिखाएं

इस साल तापमान बहुत तेजी से बढ़ा है। भारत के कई शहरों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। यह अत्यंत गंभीर स्थिति है। इस स्थिति का एक प्रमुख कारण पर्यावरण प्रदूषण या प्रकृति का दोहन है।

प्रदूषण के कारण प्रकृति पर नकारात्मक असर पड़ता है और ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बन सकती है। इस कारण कई वैज्ञानिक 21वीं सदी को पर्यावरण को हो रहे नुकसान के कारण विनाश की सदी मानते हैं। पर्यावरण का सबसे बड़ा दुश्मन वर्तमान में इंसान ही है। मानव रोजाना कई गलतियों से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। पर्यावरण को दूषित करने वाले कारकों या गलतियों को नियंत्रित करके पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है।

आने वाली पीढ़ी के लिए रहने योग्य पर्यावरण बनाने के लिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख दें। उन्हें पर्यावरण संरक्षण से बचाव के लिए तरीके बता सकते हैं। यहां वह तरीके बताए गए हैं, जो बच्चों में पर्यावरण संरक्षण की आदत को शामिल कर सकते हैं।

### प्लास्टिक और पॉलीथिन के नुकसान

प्लास्टिक की बोतल या अन्य सामान प्रकृति के लिए काफी नुकसानदायक है। इसके अलावा पॉलीथिन का उपयोग भी पर्यावरण के लिए घातक है। इन दोनों का बड़ी मात्रा में इस्तेमाल होता है, जो मृदा प्रदूषण का प्रमुख कारण है। बच्चों को प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल से रोकें।

### एसी पर कंट्रोल

गर्मी के दिनों में ठंडक पाने के लिए एसी का इस्तेमाल बढ़ जाता है। एसी ठंडी हवा तो देता है लेकिन इससे पर्यावरण दूषित होता है। बच्चों को एसी के इस्तेमाल से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में सिखाएं। साथ ही खुद भी एसी का उपयोग कम करें ताकि प्रदूषण कम करने में अपना योगदान दे सकें।

### स्वच्छता की आदत

बच्चों को अपने आसपास स्वच्छता रखने की आदत लगाएं। उन्हें सूखे और गीले कूड़े का फर्क सिखाएं। उन्हें बताएं कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए रास्ते में कहीं पर भी कुछ भी नहीं फेंकना चाहिए। डस्टबिन का उपयोग करना सिखाएं। घर के आसपास, पार्क आदि को साफ रखने के टिप्स दें ताकि वह पर्यावरण को और अधिक दूषित न करें।

### पौधरोपण

पर्यावरण के लिए पौधे संजीवनी की तरह होते हैं। पेड़ पौधे स्वच्छ वायु देते हैं जो जीवन के लिए आवश्यक है। बच्चों को पेड़-पौधों का महत्व बताएं और पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करें। घर पर एक दो गमले में बच्चों से पौधे लगवाएं और उस पौधे की जिम्मेदारी बच्चों को दें ताकि वह पौधे को बड़े होने तक पोषित करें और इस काम में आनंद महसूस कर सकें.

# लसोड़े में चमत्कारिक आयुर्वेदिक गुण

भारत आयुर्वेदिक पद्धति में समृद्ध राष्ट्र माना जाता है. देश के कई भागों में ऐसे फल और सब्जियां हैं जो चमत्कारिक रूप से कई बीमारियों को ठीक कर देती हैं. मई-जून में धरती को तपा देने वाली इन गर्मियों के बीच लेसवा एक ऐसा छोटा फल है जिसका आयुर्वेद में बड़ा महत्व माना जाता है. लेसवे को लसोड़ा भी कहा जाता है. ये केवल गर्मी के 2 महीने आता है. लसोड़े का फल और सब्जी दोनों तरह से उपयोग किया जाता है.



### लसौड़े के 5 फायदे

(1) लसोड़े में चमत्कारिक आयुर्वेदिक गुण होते हैं. इसके सेवन से कई बीमारियां छूमंतर हो जाती हैं. लेसवा एलर्जी और बीपी के मरीजों के लिए बेहद गुणकारी होता है. इसे एंटी डायबिटीज गुण वाला फल भी कहा जाता है.

(2) स्किन डिसीज के लिए यह लेसवा वरदान है. यह दाद, खाज, खुजली जैसी स्किन समस्याओं से काफी हद तक राहत दिला सकता है.

(3) लेसवा प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, कैल्शियम, फॉस्फोरस और आयरन का अच्छा स्रोत है. यह शरीर को मजबूत बनाता है और एनर्जी देता है.

(4) लेसवे के पत्तों को पीसकर घाव पर लगाने से जल्द ठीक होने में मदद मिलती है. इसे अल्सर के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है.

(5) इस अनोखे फल को खाने से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल किया जा सकता है. इसमें एंटी-कैंसर और एंटी-एलर्जिक प्रॉपर्टी भी पाई जाती हैं.

### कैसे करें प्रयोग

कच्चे लेसवे का प्रयोग सब्जी बनाने के लिए होता है. इसका अचार भी बनाया जाता है. अचार बनाने के लिए फल के अनुपात में तेल का प्रयोग किया जाता है. मसाले में कलौंजी, सौंफ, मैथी,राई, हींग. काला और साधारण नमक का भी प्रयोग होता है. लेसवे का अचार बहुत लाभकारी होता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### तेज आंधी-बारिश से कानपुर में गिरा दो मंजिला मकान, एक की मौत, पांच दबे

**कानपुर.** यूपी के कानपुर में बुधवार की आधी रात को तेज आंधी और चमक के साथ हुई मूसलाधार बारिश से चौबेपुर में एक दो मंजिला मकान गिर गया। जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच लोग दब गए। हालांकि पांच लोगों को निकाल लिया। वहीं, समूचे शहर में ब्लैक आउट हो गया। जहां देर रात घर लौट रहे लोगों के वाहन जहां के तहां ठहर गए वहीं कई इलाकों में जलभराव की स्थिति आ गई। उत्तर में सिविल लाइंस समेत नवाबगंज, तिलक नगर, स्वरूप नगर, जीटी रोड और आचार्य नगर में आधा दर्जन पेड़ गिर गए वहीं दक्षिण से लेकर कैंट तक के इलाकों में भी स्थिति गंभीर हो गई।

### पीलीभीत में बाघ की दहशत, 4 दिन में ली दो जान, पिंजरा लगाकर पकड़ने को जुटा वन विभाग

**पीलीभीत.** यूपी के पीलीभीत में बाघ की दहशत फैल गई है। चतीपुर क्षेत्र में बाघ का वीडियो वायरल होने के बाद से लोगों में बाघ को लेकर दहशत बढ़ी है। वहीं वन विभाग बाघ को पकड़ने की कवायद में लगा है। बाघ को पकड़ने के लिए टीमें जुटी हैं। वन विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और पिंजरा लगाकर बाघ को पकड़ने की कवायद चल रही है। बताया जा रहा है कि सेहरामऊ क्षेत्र में चार दिनों में बाघ अब तक दो किसानों की जान ले चुका है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत क्षेत्र की अन्य टीमों को भी बाघ को पकड़ने के लिए निगरानी और लोकेशन तलाशने के लिए लगाया गया है। जानकारी है कि बाघ गन्ने के खेत में बीते दिवस दौड़ लगाते दिखे चुका है। वन विभाग बाघ की घेराबंदी कर उसको पकने की योजना बना रहा है।

### विधायक अब्बास अंसारी फिर मुश्किल में

**मऊ.** मुख्तार अंसारी के बेटे और यूपी की मऊ सीट से विधायक अब्बास अंसारी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। इसकी वजह उनके द्वारा जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाना है। यह खुलासा लखनऊ पुलिस द्वारा एसपी चित्रकूट को भेजी गई आख्या में हुआ। गौरतलब है कि अब्बास के खिलाफ महानगर कोतवाली में शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। एसीजेएम तृतीय कोर्ट लखनऊ में चल रहे इस मामले में वह पांच पेशियों में उपस्थित नहीं हुए। अब्बास के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में भी धोखाधड़ी, साजिश की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। मऊ की सदर सीट से सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत की सशर्त में ढील देते हुए निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने और गाजीपुर में घर पर रहने की अनुमति दी थी। विधायक के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में चल रही सुनवाई के संबंध में एसपी चित्रकूट ने बीते दिनों लखनऊ में चल रहे मुकदमों के संबंध में लखनऊ पुलिस से आख्या मांगी थी। आख्या में कई चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। महानगर पुलिस की आख्या में कहा गया कि अब्बास अंसारी लखनऊ की मेट्रो सिटी पेपर मिल कालोनी, निशातगंज में रहते थे। उनके खिलाफ वर्ष 2019 में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और वर्ष 2022 में शस्त्र अधिनयम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था।

# 'जब सिंदूर बारूद बन जाता है'

**पाकिस्तान पर खूब गरजे पीएम मोदी, कहा- 22 मिनट में ही आतंकवाद के 9 ठिकाने ध्वस्त कर दिए**

**बीकानेर.** 26 हजार करोड़ रुपये की सौगातों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर के बीच पाकिस्तान सीमा के बेहद करीब पीएम मोदी ने हुंकार भरी और आतंकवाद को लेकर पड़ोसी मुल्क पर जमकर गरजे। पीएम मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो क्या होता है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम हमले के जवाब में 22 मिनट में आतंकवाद के 9 ठिकाने ध्वस्त कर दिए गए।



पीए मोदी ने पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए कहा, '22 अप्रैल को धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थी लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से, देश की सेना की शौर्य से हम सब उस प्रण पर खड़े उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।'

बीकानेर के देशनोक में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा,'जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, आज कतरे-कतरे का हिसाब चुकाया है। जो सोचते थे भारत चुप रहेंगा, आज घरों में पड़े हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वो मसबे के ढेर में दबे हुए हैं।'

पीएम ने कहा, '22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। दुनिया ने देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है।' पीएम मोदी ने कहा कि यह संयोग है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयरस्ट्राइक हुई थी तो उसके बाद उनकी पहली सभा राजस्थान में सीमा पर हुई थी। वीरभूमि का यह तप है कि ऐसा संयोग बन जाता है, इस बार जब ऑपरेशन सिंदूर हुआ तो उसके बाद भी पहली जनसभा वीरभूमि राजस्थान की सीमा पर बीकानेर में हुई।

#### करणी माता मंदिर में पूजा

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीकानेर जिले में करणी माता मंदिर में देवी के दर्शन किए। मोदी बीकानेर हवाई अड्डे पर पहुंचे और देशनोक स्थित मंदिर की ओर रवाना हुए। उनके साथ केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी थे।

# 'कन्नड़ नहीं हिंदी में बात करूंगी'

- **ऐसा कहने पर SBI की महिला मैनेजर का ट्रांसफर**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को अनेकल तालुक में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शाखा प्रबंधक के कन्नड़ में बात करने से इनकार करने के व्यवहार की निंदा की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो आया था, जिसमें कथित तौर पर एक ग्राहक के साथ वह कन्नड़ भाषा को लेकर बहस करती हुई सुनी जा सकती हैं। SBI ने महिला अधिकारी का ट्रांसफर करने का फैसला लिया है।

मंगलवार को सामने आए वीडियो में ग्राहक के साथ कथित बहस के दौरान, प्रबंधक को यह कहते हुए सुना जा सकता है ''मैं कन्नड़ में बिल्कुल बात नहीं करूंगी.......बल्कि हिंदी में बात करूंगी।''

उन्हें बार-बार यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वह कन्नड़ में बात नहीं करेंगी, जबकि ग्राहक ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का हवाला देते हुए दावा किया कि बैंक कर्मचारियों को क्षेत्रीय भाषा में संवाद करना आवश्यक है।

इस घटना की कन्नड़ कार्यकर्ताओं और कन्नड़ समर्थक समूहों ने कड़ी निंदा की। उन्होंने प्रबंधक द्वारा माफी मांगे जाने और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में अधिकारी को स्थानांतरित करने की एसबीआई की त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए।

# खराब मौसम की चपेट में आया इंडिगो का विमान

- **200 लोग थे सवार;**
- **फ्लाइट में मची अफरा-तफरी**

**नई दिल्ली.** दिल्ली से श्रीनगर जा रहा इंडिगो का विमान बुधवार को खराब मौसम की चपेट में आ गया जिसके बाद विमान में अफरा तफरी मच गई। लोग आपात स्थिति में मदद के लिए प्रार्थना करते भी नजर आए। वहीं टर्बुलेंस आने के बाद पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल को आपातकाल की सूचना दी। अधिकारियों ने बताया कि बाद में विमान को सुरक्षित रूप से लैंड किया गया है। बता दें कि घटना के वक्त विमान में 200 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के एक अधिकारी ने बताया है कि पायलट ने इमरजेंसी की सूचना दी थी। अधिकारी ने बताया, 'दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो के विमान 6E2142 को खराब मौसम का सामना करना पड़ा, जिसके बाद पायलट ने ATC SXR (श्रीनगर) को आपात स्थिति की सूचना दी।' उन्होंने बताया कि विमान को शाम करीब साढ़े 6 बजे श्रीनगर में सुरक्षित रूप से उतारा गया।

# जासूसी मामले में ज्योति की रिमांड 4 दिन बढ़ी

**फिल्मी स्टाइल में कोर्ट का मेन गेट बंद कर काले शीशों वाली गाड़ी में ले गई पुलिस**

**हिसार.** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार पुलिस गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे कोर्ट लाई। करीब डेढ़ घंटे तक उसके रिमांड पर बहस चली। इसके बाद हिसार पुलिस को उसकी 4 दिन की रिमांड और मिल गई।

पेशी के बाद ज्योति को मीडिया की नजरों से बचाने के लिए पुलिस फिल्मी स्टाइल में उसे बाहर ले गई। पुलिस ने पहले काले शीशों वाली स्कॉर्पियो मंगाई। फिर कोर्ट का मेन गेट बंद करा दिया। इसके बाद ज्योति को उसमें बिठाने के बाद पुलिस वहां



से रवाना हो गई। इस दौरान किसी अधिकारी ने मीडिया से बात नहीं की। ज्योति 16 मई को गिरफ्तार हुई थी। इसके बाद 5 दिन तक रिमांड पर रहते हुए हिसार पुलिस के अलावा NIA, मिलिट्री इंटेलिजेंस, IB और अन्य खुफिया एजेंसियों ने उससे पूछताछ की है।

**जांच में ज्योति के 4 बैंक अकाउंट मिले**

जांच एजेंसी इस बात की पड़ताल कर रही है कि ज्योति ने सिर्फ ट्रैवलिंग के इरादे से वीडियो बनाए या फिर उसमें पाकिस्तानी एजेंट्स के लिए कोई कोड छिपा था। इसके लिए उसके बैंक खातों में कश्मीर टूर के दौरान हुई ट्रांजेक्शन की भी जांच की जा रही है। जांच में ज्योति के 4 बैंक अकाउंट मिले हैं।

NIA सोर्सेज के मुताबिक, पहलगाम आतंकी हमले में ज्योति की भूमिका की जांच की जा रही है। पहलगाम हमले से पहले और उसके बाद वह किन-किन लोगों के संपर्क में रही? किस-किस से बात की? इसे लेकर उसके मोबाइल खंगाले जा रहे हैं।

इसके बाद NIA उसे पहलगाम भी ले जा सकती है। यह शक इसलिए गहराया, क्योंकि पहलगाम हमले से पहले कश्मीर में ज्योति ने उन्हीं जगहों के वीडियो बनाए, जहां सेना की तैनाती या मूवमेंट नहीं थी।

# 3000 अग्निवीरों ने ऑपरेशन सिंदूर में भी दिखाई अपनी ताकत

- **पाकिस्तान को 'धुआं-धुआं' करने में बड़ा रोल**

**नई दिल्ली.** पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद जब भारत की तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए तो भारतीय सेना के लगभग 3000 से अधिक अग्निवीरों ने भी अपनी बहादुरी दिखाई। इन्हें बीते दो वर्षों में अग्निपथ योजना के तहत भर्ती किया गया था। इन जांबाजों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वायु रक्षा प्रणाली को संभालने में अपनी अहम भूमिका निभाई। आपको बता दें कि यह ऑपरेशन 7 से 10 मई के बीच पाकिस्तान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के जवाब में भी चलाया गया था, जिसमें कई भारतीय सैन्य ठिकानों, एयरबेस और शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की गई थी।



**अग्निवीरों का रोल**

अग्निवीरों ने स्थानीय रूप से विकसित 'आकाशतीर' वायु रक्षा नियंत्रण प्रणाली को संचालित करने में भी बड़ी भूमिका निभाई। यह प्रणाली दुश्मन के हमलों की त्वरित पहचान और जवाबी कार्रवाई में अहम साबित हुई। आकाशतीर को पिछले वर्ष ही सेना में शामिल किया गया था और यह भारत की बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली का मुख्य हिस्सा बन गया है।

सेना के सूत्रों के अनुसार, अग्निवीरों ने इस चुनौतीपूर्ण समय में अपने प्रशिक्षण का पूरा उपयोग किया और अपने साहस व निष्ठा से सेना के नियमित जवानों के बराबर प्रदर्शन किया। सेना के वायु रक्षा यूनिट्स से मिले फीडबैक के अनुसार, अग्निवीरों ने दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम कर भारत की रक्षा में अपनी उपयोगिता सिद्ध की है। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन हमलों को विफल करने वाली कई एयर डिफेंस सिस्टम में से प्रत्येक में 150-200 अग्निवीर थे।

**ट्रंप के दावे की जयशंकर ने खोली पोल... बताया**

# कैसे हुआ भारत और पाक में सीजफायर

**नई दिल्ली.** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने साफ कर दिया है कि भारत और पाकिस्तान ने सीधे बात कर सीजफायर पर सहमति बनाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि कई और देश हैं, जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत से संपर्क साध रहे थे।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच उन्होंने सीजफायर कराया है।

नीदरलैंड्स में एक टीवी इंटरव्यू के दौरान जयशंकर ने मुद्दे पर खुलकर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत ने अमेरिका समेत हर देश से कहा था कि अगर पाकिस्तान सीजफायर चाहता है, तो उसे भारत से सीधे बात करनी होगी। उन्होंने कहा, 'हां हॉटलाइन के तौर पर एक दूसरे से बात करने की व्यवस्था है। 10 मई को पाकिस्तान की सेना ने संदेश भेजा कि वे गोलीबारी रोकने के लिए तैयार हैं।'

उन्होंने कहा, 'मेरा मतलब है कि जेडी वेंस ने पीएम मोदी से बात की। विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुझसे बात की। वो पाकिस्तानियों से भी बात कर रहे थे। अमेरिका अकेला नहीं था। कई और देश भी टच में थे। जब दो देश जूझते हैं, तो अन्य देशों का संपर्क साधना स्वभाविक है। सीजफायर पर भारत और पाकिस्तान ने सीधे बात की थी। हमने अमेरिका समेत हर देश से कहा कि अगर वे गोलीबारी रोकना चाहते हैं तो हमसे सीधे बात करें। इसलिए ऐसा हुआ।'

# 7 महीने में 25 शादियां

**UP की लुटेरी दुल्हन ने एमपी से राजस्थान तक लगाया चूना**

**महराजगंज.** यूपी के महराजगंज जिले के कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव में ठगी का अलग तरह का मामला सामने आया है। इस गांव की एक युवती पति के साथ मिलकर गिरोह बनाकर शादी के ऐप के माध्यम से लोगों से ठगी कर रही थी। युवती लोगों को झांसे में लेकर सात महीने में 25 शादियां कर चुकी है। उसे राजस्थान की पुलिस ने मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। हालांकि, महराजगंज पुलिस को इसकी जानकारी अभी नहीं है.

कोल्हुई क्षेत्र के एक गांव निवासी एक शख्स की शादी नौतनवा क्षेत्र की एक युवती से वर्ष 2018 में हुई। पहले ही रिश्तेदारी होने के कारण दोनों ने प्रेम विवाह किया था। युवती ने घर से भागकर शादी की थी और कुछ दिन बाद दोनों गांव में आकर रहने लगे। एक साल बाद ससुराल वालों ने युवती के आचरण से परेशान होकर बेटे से उसे अलग कर दिया। इसके बाद



दंपति घर के पास ही खाली पड़े एक मकान में रहने लगा। लोगों के अनुसार 2021 में दोनों बिना किसी को बताए अपनी छह साल की बेटी को छोड़कर और बेटे को साथ लेकर कहीं चले गए।

भोपाल में बनाया ठिकाना

चर्चाओं के अनुसार घर छोड़ने के बाद दोनों ने भोपाल को अपना ठिकाना बनाया। वहां युवती ने एक गिरोह तैयार किया। इसमें छह लोग बताए जा रहे हैं। ये लोग शादियों के लिए ऑनलाइन एप चलाते थे और अविवाहित लड़कों को अपने जाल में फंसाकर शादी करते थे। दो-चार दिन बीतने के बाद ये लोग उनके घर के जेवरात-नकदी आदि लेकर फरार हो जाते थे। बताया जा रहा है कि युवती ने सात महीने में 25 शादियां की थीं। इसके बाद राजस्थान पुलिस के शिकंजे में आई। वहां की पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

#### पुलिस की गिरफ्त में ऐसे आया गिरोह

बीती 3 मई को राजस्थान के मान टाउन में रहने वाले विष्णु शर्मा ने थाने में शिकायत की कि खंडवा में रहने वाले उसके एक जानने वाले ने मनपसंद लड़की से शादी करवाने का झांसा दिया। दोनों ने भोपाल में रहने वाली युवती की फोटो दिखाई। सवाई माधोपुर कोर्ट में फर्जी एग्रीमेंट के जरिए दो लाख रुपये लेकर उसकी शादी करा दी गई, लेकिन तीन दिन बाद ही युवती घर से कैश, जेवर और मोबाइल लेकर भाग गई।

# IPL : प्लेऑफ की चारों टीमें तय

- **मुंबई ने दिल्ली को हराकर बाहर किया**

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL 2025) में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खत्म होने के बाद ही प्लेऑफ की 4 टीमें मिल गईं। बुधवार को मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर प्लेऑफ स्पॉट कन्फर्म की। इससे दिल्ली बाहर होने वाली छठी और आखिरी टीम बनी।

#### दिल्ली बाहर, मुंबई प्लेऑफ में

बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 180 रन बनाए। दिल्ली ने 65 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, यहां से टीम 121 रन ही बना सकी और 59 रन से मुकाबला गंवा दिया।

दिल्ली को 13 मैचों में छठी हार मिली। टीम के 6 जीत और 1 बेनतीजा मैच से 13 पॉइंट्स हैं। DC अब पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतकर भी 15 पॉइंट्स तक ही पहुंच पाएगी, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी नहीं है। मुंबई को 13 मैचों में 8वीं जीत मिली। टीम 16 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंच गई। अब MI को टॉप-2 पोजिशन में जगह बनानी है तो पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच जीतना होगा। साथ ही RCB और GT के सभी मैच हारने की दुआ करनी होगी।

#### साई सुदर्शन टॉप स्कोरर

गुजरात के साई सुदर्शन टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर बने हुए हैं। उन्होंने 12 मैच में 617 रन बनाए हैं। शुभमन गिल 601 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं। बुधवार को मुंबई के सूर्यकुमार यादव 73 रन बनाकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए। उनके नाम 583 रन हो गए।

**पॉइंट्स टेबल**

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पॉइंट्स | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GT (Q) | 12 | 9 | 3 | 0 | 18 | 0.8 |
| 2 | RCB (Q) | 12 | 8 | 3 | 1 | 17 | 0.482 |
| 3 | PBKS (Q) | 12 | 8 | 3 | 1 | 17 | 0.389 |
| 4 | MI (Q) | 13 | 8 | 5 | 0 | 16 | 1.239 |
| 5 | DC (E) | 13 | 6 | 6 | 1 | 13 | 0.049 |
| 6 | KKR (E) | 13 | 5 | 6 | 2 | 12 | 0.193 |
| 7 | LSG (E) | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.506 |
| 8 | SRH (E) | 12 | 4 | 7 | 1 | 9 | -1.005 |
| 9 | RR (E) | 14 | 4 | 10 | 0 | 8 | -0.549 |
| 10 | CSK (E) | 13 | 3 | 10 | 0 | 6 | -1.03 |

# कितना खतरनाक है कोरोना का नया वैरिएंट JN.1 ?




#### क्या हैं लक्षण; भारत पर कैसा असर

**नई दिल्ली.** कोविड-19 के नए वैरिएंट JN.1 ओमिक्रॉन का ही एक उप-संस्करण है। यह धीरे-धीरे एशिया के कई हिस्सों में फैल रहा है। सिंगापुर, हांगकांग, भारत और थाईलैंड में इस नए वैरिएंट के कई मामले मिले हैं। हालांकि भारत में अभी स्थिति गंभीर नहीं हुई है, लेकिन विशेषज्ञों और डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। फिलहाल भारत में इस नए वैरिएंट के प्रसार की पुष्टि नहीं हुई है। अधिकांश मामलों में हल्के लक्षण होते हैं। कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग, बुजुर्ग या बीमार व्यक्तियों में लक्षण ज्यादा महसूस हो सकते हैं।

यह वैरिएंट ज्यादा संक्रामक है, लेकिन ज्यादा गंभीर नहीं। डॉक्टरों का कहना है कि यह मुख्य रूप से प्रतिरक्षा में गिरावट के कारण फैल रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि बहुत से लोगों ने लंबे समय से बूस्टर डोज नहीं ली है।

#### क्या वैक्सीन अभी भी काम करती है?

डॉक्टरों का कहना है कि बूस्टर डोज़ JN.1 से बचाव में प्रभावी हैं। खासकर गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को वैक्सीन जरूर लेनी चाहिए। JN.1 के लिए अलग वैक्सीन नहीं है, लेकिन मौजूदा बूस्टर अब भी सुरक्षा देते हैं।

**क्या है JN.1 वैरिएंट?**

JN.1 वैरिएंट, BA.2.86 (Pirola) का एक रूप है, जिसमें लगभग 30 म्यूटेशन हैं। इसका एक अतिरिक्त म्यूटेशन इसे इम्यून सिस्टम से बचने में मदद कर सकता है। WHO ने इसे दिसंबर 2023 में 'Variant of Interest' घोषित किया था।

**क्या हैं लक्षण?**

- गला खराब या खराश
- नाक बहना या बंद होना
- सूखी खांसी
- बुखार और ठंड लगना
- सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकान
- मतली या डायरिया
- स्वाद या गंध का अभाव (कम मामलों में)

# वाराणसी से ISI एजेंट तुफैल गिरफ्तार

यूपी एटीएस को एक और सफलता मिली है। पाकिस्तान प्रायोजित राष्ट्रविरोधी संगठन से जुड़कर देश विरोधी कार्य और पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले दोषीपुरा (जैतपुरा) के तुफैल को यूपी एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। उस पर लखनऊ में एटीएस के थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वह अपने ननिहाल आदमपुर थाना क्षेत्र के हनुमान फाटक इलाके के नवापुरा में रहता था। आदमपुर थानाक्षेत्र से उसकी गिरफ्तारी हुई है। एटीएस को सूचना मिली थी कि तुफैल पाकिस्तान प्रयोजित राष्ट्रविरोधी संगठन के व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़कर भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को क्षति पहुंचा रहा है। भारत की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां पाकिस्तान के नंबरों पर साझा कर रहा है।

**उल्हासनगर महानगरपालिका**

**दीनदयाळ अंत्योदय योजना राष्ट्रीय नागरी उपजीविका अभियान विभाग (DAY-NULM)**

**जाहीर प्रकटन**

**संदर्भ** - 1) महाराष्ट्र पथ विक्रेता (उपजीविका संरक्षण व पथ विक्री विनिमयन) अधिनियम, 2014 (महाराष्ट्र) नियम, 2016

ज्याअर्थी, उपरोक्त संदर्भ क्र. 1 मधील तरतुदींची अंमलबजावणी करणेबाबत उल्हासनगर महानगरपालिका शहर पथविक्रेता समिती गठीत करण्यासाठी पथविक्रेता अधिनियम 2014 मध्ये प्रकरण चारमध्ये 12 व 12 नुसार 11.3 (ख) इतर मंडळातील (दोन) ते (पाच) चार प्रवर्गातील सहा सदस्य नामनिर्देशन मागणी करण्याकरिता खालील संवर्गातून इच्छुक संघटना, संघाकडून अर्ज मागविण्यात येत आहेत.

| इत्तर मंडळ प्रवर्ग | सदस्य संख्या |
|---|---|
| (दोन) अशासकीय संघटना | 2 |
| (तीन) निवासी कल्याण संघ | 2 |
| (चार) व्यापारी संघ | 1 |
| (पाच) पणन संघ | 1 |

**नगर पथविक्रेता समितीच्या नामनिर्देशित सदस्यांसाठी किमान अर्हता-**
1) संघटनेची किंवा संघाची संबंधित क्षेत्रातील सक्षम प्राधिकरणाकडे नोंद केलेली असावी.
2) संघटना किंवा संघ, मागील तीन वर्षांचे सक्षम प्राधिकरणाकडून तयार करण्यात आलेले लेखापरीक्षण अहवाल सादर करावेत.
3) संटनेस किंवा संघास स्थानिक प्राधिकरणाने काळ्या यादीत टाकलेले नसावे.
4) संघटना किंवा संघ त्या त्या वेळी अंमलात असलेल्या कोणत्याही कायद्यान्वये सिद्धदोषी असणार नाही.
5) संघटना किंवा संघ यांना, त्यांनी सक्षम प्राधिकरणाकडे नोंदणी केल्याच्या त्यांच्या प्रवर्गामधील कामाचा किमान पाच वर्षांचा अनुभव असावा.

उपरोक्त अर्हता धारण करीत असलेल्या इच्छुक संघटना किंवा संघाकडून नगर पथ विक्रेता समितीवर सदस्य म्हणून नामनिर्देशनासाठी दिनांक 30/05/2025 पर्यंत आवश्यक त्या संबंधित कागदपत्रांसह कार्यालयीन वेळेत अर्ज सादर करावेत.

उपरोक्त संघटना किंवा संघ यांचेकडून निवड करावयाच्या सदस्य संख्येपेक्षा अधिक अर्ज प्राप्त झाल्यास नमूद नियमांचा सदस्य नेमणूक करता येईल. शासननिर्णय व संबंधित अधिनियम तथा अटी शर्थी, नियम हे संघटना, संघ यांना पाहण्यासाठी राष्ट्रीय नागरी उपजीविका अभियान विभाग (DAY-NULM) उल्हासनगर महानगरपालिका येथे कार्यालयीन वेळेत पाहण्यास मिळतील.

दि. 22/05/2025

सही/-
**उप आयुक्त**
उल्हासनगर महानगरपालिका

जा. क्र. उपमा / पीआरओ/123/2025
दिनाकः- 22/05/2025

## संक्षेप...

### बहाना बनाकर विदेश यात्रा, सहायक मत्स्य आयुक्त निलंबित

**मुंबई.** महाराष्ट्र के नासिक में मत्स्य पालन के सहायक आयुक्त को राष्ट्रीय सुरक्षा स्थिति के कारण प्रतिबंध के बावजूद चिकित्सा अवकाश (मेडिकल लीव) पर विदेश यात्रा करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पीडी जगताप ने कम रक्त शर्करा (लो शुगर) के कारण कमजोरी का हवाला देते हुए छुट्टी के लिए आवेदन किया था। हालांकि, बाद में पता चला कि उन्होंने इस अवधि के दौरान विदेश यात्रा की थी। उनके कार्यों को भ्रामक और आचरण के उल्लंघन के रूप में देखा गया, खासकर तब जब तनावपूर्ण भू-राजनीतिक माहौल के मद्देनजर विभागीय अवकाश रद्द कर दिया गया था।

# ओला-उबर के लिए महाराष्ट्र सरकार की नई गाइडलाइंस

**▪ यात्रा रद्द करने पर लगेगा जुर्माना**




**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एग्रीगेटर कैब सेवाओं जैसे ओला और उबर के लिए एक नई नीति की घोषणा की है, जो अब पूरे राज्य में लागू होगी. इस सरकारी आदेश (जीआर) के माध्यम से सरकार ने यात्रियों और ड्राइवरों दोनों के लिए यात्रा रद्द करने की स्थिति में दंडात्मक प्रावधान लागू किए हैं. यह निर्णय मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य कैब सेवा के संचालन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाना है.

नई नीति के अनुसार, यदि कोई ड्राइवर किसी यात्रा को ऐप पर स्वीकार करने के बाद उसे रद्द करता है, तो उसे कुल किराए का 10 प्रतिशत या 100 रुपए (जो भी राशि कम हो) का जुर्माना देना होगा. यह राशि यात्री के डिजिटल वॉलेट या खाते में जमा की जाएगी ताकि उसे असुविधा के लिए मुआवजा मिल सके.

वहीं दूसरी ओर, यदि कोई यात्री बिना किसी ठोस कारण के यात्रा बुक करने के बाद उसे रद्द करता है, तो उसे कुल किराए का 5 प्रतिशत या 50 रुपए (जो भी कम हो) का जुर्माना देना होगा. यह जुर्माना सीधे संबंधित ड्राइवर के खाते में जमा किया जाएगा, जिससे उसे समय की बर्बादी के लिए क्षतिपूर्ति मिल सके.

सरकार का मानना है कि इन प्रावधानों से न केवल ड्राइवरों की समय की बर्बादी रुकेगी बल्कि यात्रियों की ओर से की जाने वाली अनावश्यक बुकिंग में भी कमी आएगी. साथ ही, इससे कैब सेवाओं की विश्वसनीयता में भी सुधार होगा.

नई गाइडलाइंस में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जुर्माने की यह राशि पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से लेनदेन की जाएगी और इसमें किसी भी प्रकार की धांधली की संभावना को समाप्त किया जाएगा. नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए राज्य परिवहन विभाग और आरटीओ कार्यालय निगरानी करेंगे. सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि यह नीति सभी एग्रीगेटर कैब सेवाओं पर लागू होगी और इससे यात्रियों और ड्राइवरों के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद मिलेगी.

# बकरीद को लेकर भिवंडी मनपा प्रशासन पूरी तरह तैयार

**▪ मनपा आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा**



**भिवंडी.** भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका क्षेत्र में बकरीद का त्यौहार 07 जून 2025 से 09 जून 2025 तक मनाया जाएगा. उच्च न्यायालय, बॉम्बे द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार की गई तैयारियों की समीक्षा करने के लिए प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर की अध्यक्षता में मनपा अधिकारियों, पुलिस विभाग और पशु चिकित्सा विभाग की एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में आयुक्त ने निर्माण विभाग, जलापूर्ति विभाग, वाहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा अधिकारी और पुलिस विभाग के साथ बातचीत की और उनके स्तर पर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की। पिछले साल मनपा क्षेत्र में 56 स्थानों पर अस्थाई कुर्बानी केंद्र स्थापित करने के लिए वार्ड स्तर पर अनुमति दी गई थी। इस वर्ष भी 56 स्थानों पर बलि दिए जाने की उम्मीद है।

इसके अलावा, इन 56 केंद्रों के लिए 200 टेम्पो, 14 जेसीबी, 11 जीप और 3 क्रेन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, कुर्बानी के बाद क्षेत्र की सफाई के लिए 25 पानी के टैंकर भी मंगाए गए हैं। इसके अलावा पशु चिकित्सा विभाग द्वारा कुर्बानी से पहले पशुओं के निरीक्षण के लिए 96 पशु चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध कराए गए हैं। ये अधिकारी 6 जून को शहर पहुंचेंगे। बैठक के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले ने बताया कि कानून व्यवस्था के संदर्भ में उनकी तैयारियां पूरी हैं तथा बकरीद से पहले निकट भविष्य में शहर के मौलाना और कसाई एसोसिएशन के साथ बैठक आयोजित की गई है।

आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि पशु मल उठाने के लिए जो टेंपो वाहन लगाए गए हैं, उन्हें वार्डवार नंबर देकर वाहन आवंटित किए जाएं, ताकि कुर्बानी के बाद जल्द से जल्द क्षेत्र की सफाई की जा सके। कचरा डालने के लिए उपयोग किए जाने वाले गड्ढों में समय-समय पर कीटनाशकों का छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त (1) देवीदास पवार, माननीय. अपर आयुक्त (2) विट्ठल डाके, सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले, उप आयुक्त (मुख्य) विक्रम दराडे, उपायुक्त (बाजार) बालकृष्ण क्षीरसागर, सिटी इंजीनियर जमील पटेल, सहायक आयुक्त (स्वास्थ्य) शैलेश दोंदे, सहायक आयुक्त (बाजार) नितिन पाटिल, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुधाकर खोत, अशोक रत्नपारखी, विनायक गायकवाड़, ज्ञानेश्वर कदम, विश्वास डागले, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर सहित मनपा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

# भादवड़ तालाब के सौंदर्यीकरण का काम घटिया और अधूरा



**भिवंडी-** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना भिवंडी शहर अध्यक्ष मनोज गुलवी ने आयुक्त अनमोल सागर को ज्ञापन के माध्यम से ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है क्योंकि भादवड़ में करोड़ों की लागत से शुरू किया गया तालाब का सौंदर्यीकरण समय सीमा के बाद भी कम पूरा नहीं हुआ है.

भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत भादवड़ तालाब के वामन जिपरू गुलवी गणेश विसर्जन घाट के निर्माण और तालाब के सौंदर्यीकरण पर सरकार की ओर से 3 करोड़ 56 लाख 29 हजार 400 रुपये खर्च किये जा रहे हैं. काम का ठेका मेसर्स सागर कंस्ट्रक्शन उल्हासनगर को दिया गया है. तालाब के कार्य के शुरू से ही चिल्ला-चिल्ला कर कहा जा रहा है कि यहां काम बेहद घटिया स्तर का है.सूत्रों की माने तो काम की समय सीमा 6 नवंबर 2023 तक थी, लेकिन निर्माण काम आज भी अधूरा है और जो काम हुआ है वह भी बेहद खराब गुणवत्ता का है. पिछले साल यहां बनी दीवार कुछ ही महीनों में गिर गई. मनोज गुलवी ने मांग की है कि मनपा आयुक्त वरिष्ठ अधिकारियों के साथ काम का निरीक्षण कर घटिया काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड करें.मनपा सूत्रों की माने तो गणेश विसर्जन घाट पर काम में देरी के कारण मनपा प्रशासन की ओर से ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है.मनपा इंजीनियर विनोद भोईर ने नोटिस भेजकर मनोज गुल्वी को निर्देश दिया है कि ठेकेदार के साथ किये गये अनुबंध के अनुसार अवधि समाप्ति से कार्य समाप्ति तक प्रतिदिन 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड का प्रावधान है. कार्य समाप्ति तक ठेकेदार द्वारा देरी किये जाने पर अनुबंध के नियम एवं शर्तों के अनुसार जुर्माना लगाया जायेगा.

# भिवंडी कांग्रेस की तरफ से निकाली गई बहुउद्देशीय तिरंगा यात्रा




**भिवंडी.** ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सेना द्वारा किए गए शौर्य को सलाम करने के लिएऔर पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों के प्रति सदभावना व्यक्त करने के लिए व स्वर्गीय राजीव जी गांधी की पुण्यतिथि पर भिवंडी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन के नेतृत्व में जिला कांग्रेस मुख्यालय से शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका समापन राजीव गांधी चौक कल्याण रोड पर किया गया. भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी को सभी ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया. बहुउद्देशीय यात्रा में पूर्व सांसद सुरेश टावरे, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस महासचिव मो. तारिक फारूकी, पूर्व उप महापौर डॉ नूर अंसारी,माज़ी जिल्हा कांग्रेस महासचिव अर्शी आज़मी, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग उपाध्यक्ष आमिर नन्हे ख़ान,के एम सोहेल खान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रुखसाना कुरैशी,शाहीन मोमिन,आबिद ख़ान सहित सैकड़ो महिला, पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे.

# ACB के हत्थे चढ़ा रिश्वतखोर राशनिंग अधिकारी




**ठाणे.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने राशनिंग विभाग के राशन वितरण निरीक्षक सागर साहेबराव वराले को 48000 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सागर साहेबराव वराले, डाक-राशन वितरण निरीक्षक (वर्ग-3), नियंत्रण राशन वितरण एवं निदेशक नागरिक आपूर्ति, मुंबई कार्यालय में कार्यरत था। उसने राशन की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के एवज में वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य राशन निरीक्षकों के लिए प्रत्येक राशन दुकानदार से 2000/- रुपये प्रति माह की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी चार राशनिंग की दुकानें हैं। इस तरह एक दुकान का छह महीने का 12000 और चार दुकानों का 48 हजार की रिश्वत लेते हुए सागर वराले को ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। घटनास्थल पर आरोपी के पास से 3,48,000 रुपया जब्त किया गया है। ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अनुसार शिकायतकर्ता की राशन वितरण की दुकान है। उसकी दुकान के खिलाफ किसी ने शिकायत की थी

कार्रवाई से बचाने के लिए मुंबई के राशन वितरण और नागरिक आपूर्ति नियंत्रण निदेशक के कार्यालय में कार्यरत लोक सेवक सागर वराले ने रिश्वत की मांग की थी। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ उड़न दस्ते के अन्य राशन वितरण निरीक्षकों के लिए 2000 रुपये प्रति माह और 24000 हजार रूपये प्रति वर्ष होली के दौरान देने पर बात बनी। छह महीने के लिए 12000 और दिवाली के दौरान छह महीने के लिए एक दुकान के लिए 12000 रुपये पर मामला तय हुआ। इस तरह चार दुकानों से 48 हजार की रिश्वत लेते हुए सागर वराले को गिरफ्तार किया गया है।

ठाणे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय गोविलकर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुहास शिंदे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक रूपाली पोल ने अपने हवलदार रूपेश पाटिल, सुनील केदार और पुलिस ना पदमाकर पारधी के सहयोग से सागर वराले को सिश्वत की रकम लेते हुए होटल से गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल ने ठाणे जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी,कर्मचारी या कोई निजी व्यक्ति (एजेंट) उनकी ओर से किसी सरकारी कार्य के लिए कानूनी शुल्क के अलावा रिश्वत की मांग करता है तो वे तुरंत हमसे संपर्क करें।

## एयरपोर्ट पर तस्करी की कोशिश नाकाम

**मुंबई.** छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम ने तस्करी की बड़ी कोशिश को नाकाम किया है. कार्रवाई में कस्टम ने सोना और विदेशी मुद्रा जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करोड़ों रुपये है. पहले मामले में, बहरीन और दमन से आए दो यात्रियों को एयरपोर्टपर रोका गया. इन यात्रियों ने अपने सामान की ट्रॉली के विज्ञापन स्टिकर के नीचे 24 कैरेट के 247 ग्राम सोने की छड़ छिपाई थी.

## पानी में डूबा भिवंडी एसटी डिपो



**भिवंडी:** भिवंडी शहर स्थित एसटी बस डिपो में प्रतिवर्ष बारिश के दौरान होने वाले जलजमाव से यात्रियों को भारी कठिनाई उठानी पड़ती है.बस यात्रियों की सुविधा की खातिर मानवाधिकार आयोग के हंटर के उपरांत डिपो परिसर के कुछ भाग में खानापूर्ति के लिए एसटी महासंघ द्वारा लगाया गया पेवर ब्लाक बेहद नाकाफी है.भिवंडी में रुक रुक कर हुई बरसात में ही डिपो परिसर में हुए भारी तादाद में गड्ढों में पानी का जलजमाव होने से डिपो में खड़ी यात्री बसों में यात्रियों को चढ़ने उतरने में भारी कठिनाई झेलनी पड़ती है.बारम्बार शिकायत के बावजूद एसटी महासंघ यात्रियों की जान

माल सुरक्षा को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा है.समाजसेवी अशोक जैन सहित तमाम जागरूक नागरिकों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग ने बस डिपो परिसर की दुरुस्ती का आदेश विगत वर्ष बारिश के बाद दिया था जिस पर एसटी महासंघ अधिकारियों ने गंभीरता से कोई तवज्जो नहीं दिया.आलम यह है कि, भिवंडी शहर से प्रतिदिन हजारों यात्रियों को आवागमन की सुविधा देने वाला भिवंडी बस डीपो मानसूनी बारिश के पूर्व हुई असमय बारिश में ही जलमग्न हो गया जिससे यात्रियों में भारी नाराजगी फैली है.


Swayam Siddhi Mitra Sangh's
Jr. College of Education
D.El.Ed. Marathi, English & Urdu Medium
Academic Year 2025-26

...............REQUIREMENTS...............

| Sr.No. | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1) | Lecturer - 4 | Good Academic Record with M.A. (Philosophy, Sociology & Psychology), B.Ed. & M.Ed. with 50% Marks. (Foundation of Education) |
| 2) | Lecturer 4+4+7 - 15 | M.A. (Marathi ,Hindi, English & Urdu ) & M.A.(History/Geography) & M.Sc. (Mathematics), B.Ed. & M.Ed. with 55% Marks in relevant school subject. |
| 3) | Lecturer - 4 | Master Degree in Physical Education (M.P.Ed.) with 55% Marks Master |
| 4) | Lecturer - 4 | Degree in Fine Arts/Performing Arts/Music Dance with 50% Marks. |
| 5) | Non-Teaching Staff - 4 | Graduation in Computer Technician cum Store Keeper & Computer Assistant (BCA./ B.Tech with Computer Science) |

**Walk in Interview on Date :- 03/06/2025**
**Swayam Siddhi Mitra Sangh's Jr. College of Education**
Sonadevi Compound, Near Saibaba Temple, Kalyan Rd., Temghar, Bhiwandi, Dist-Thane
Pin Code 421302
Phone No.02522-249191


# दीपिका पादुकोण के हाथ लगी एटली की 700 करोड़ी फिल्म

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण इस वक्त कई वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। दीपिका को लेकिर कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म से बाहर कर दिया गया है। इसके पीछे की वजह दीपिका की बढ़ती मांगों को बताया जा राह है। एक तरफ जहां दीपिका को मेकर्स ने प्रभास की 'स्पिरिट' से बाहर किया तो वहीं, दूसरी तरफ उनके हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लग गया है। जी हां, दीपिका के हाथ किसी और की नहीं, बल्कि साउथ सुपरस्टार स्टार अल्लू अर्जुन की नई एक्शन मूवी 'AA22×A6' लग गई है।

### दीपिका ने मिलाया एटली कुमार संग हाथ

पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका पादुकोण और अल्लू अर्जुन ने एक साथ काम करने की इच्छा जताई है। दोनों के बीच काफी लंबे वक्त से 'AA22×A6' को लेकर बात चल रही थी। ऐसे में अब जवान के बाद दीपिका और निर्देशन एटली कुमार फिर से एक साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म का बजट 700 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। ऐसे में अब एटली की इस एक्शन फिल्म में दोनों सुपरस्टार्स यानी दीपिका और अल्लू के बीच ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। इस फिल्म में दोनों को एक साथ देखने के लिए फैन्स भी बेताब हैं।

### तगड़ी फीस वसूल रही हैं दीपिका

दीपिका, जो फिल्म की कहानी के अनुसार लुक अपनाएंगी, कथित तौर पर अपने रोल के लिए एक बड़ी फीस ले रही हैं। मूवी 'AA22×A6' की बात की जाए तो अल्लू अर्जुन पहली बार डबल रोल में दिखाई देने वाले हैं। इनके अलावा फिल्म में मृणाल ठाकुर और जान्हवी कपूर भी फीमेल लीड के रूप में उनके साथ शामिल होंगी। इससे पहले दीपिका शाहरुख खान की एक्शन थ्रिलर 'किंग' साइन कर चुकी हैं। वहीं, अल्लू के साथ ये उनकी दूसरी बड़ी फिल्म है, जिसे उन्होंने डिलीवरी के बाद साइन किया है।




पगड़ी



श्री दिलीप मोहन रामरख्यानी
(पूर्व स्थायी समिति सभापति दादा मोहन गाड़ो रामरख्यानी के पुत्र)
बड़े ही दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्री दिलीप मोहनदास रामरख्यानी
का निधन गुरुवार 22 मई 2025
को हो गया है। जिनकी पगड़ी रस्म
शनिवार 24 मई 2025 को शाम 5 से 5 .30 बजे तक
हरिकिर्तन दरबार, सपना गार्डन के पास,
उल्हासनगर-3 में वॉकिंग रखी गई है।
सेवा में
दादा मोहनदास गाडो रामरख्यानी (पिता)
पूर्व नगरसेवक उल्हासनगर मनपा
अशोक व अज्जू रामरख्यानी (भाई)
चिराग (पुत्र) रोहित (भतीजा)
7276556100

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099